भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 65**
18.07.2022 को उत्तर के लिए

**हाथी परियोजना**

**65. श्रीमती चिंता अनुराधा :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ''हाथी परियोजना'' के तहत आंध्र प्रदेश और ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा दिया है और इनकी आपूर्ति की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) और (ख) सरकार ने केंद्रीय प्रायोजित स्कीम - हाथी परियोजना (सीएसएस-पीई) के तहत हाथियों की आवाजाही का पता लगाने के लिए ड्रोनों की खरीद के लिए आंध्र प्रदेश राज्य को वर्ष 2020-21 में 4.0 लाख रुपये और वर्ष 2021-22 में 3.50 लाख रुपये प्रदान किए हैं। ओडिशा और तमिलनाडु राज्यों ने सीएसएस-पीई के तहत प्रौद्योगिकीय समर्थन के लिए निधीयन सहायता का अनुरोध नहीं किया। इसके अलावा, राज्यों को सीएसएस-पीई के तहत वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय सूचनाओं से युक्त विभिन्न संरक्षण और प्रबंधन संबंधी कार्रवाइयों के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है।

*******